हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 23 अक्टूबर 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | सेलूद | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

10 दुर्ग में बच्चों संग शिक्षा मंत्री गजेन्द्र ने मनाई दिवाली



11 जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम रहे कोड़िया विद्यालय के विद्यार्थी



## खबर संक्षेप

### एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन के लिए 26 तक शिविर

**दुर्ग।** जिला में किसानों के एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन 24 से 26 अक्टूबर तक समितियों में शिविर लगाया जाएगा। इस वर्ष धान बेचने के लिए किसानों को 31 अक्टूबर के पूर्व एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इसके लिए विगत कई महीनों से समितियों में च्वाईस सेंटर के द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन का कार्य चल रहा है। जिला दुर्ग के अंतर्गत 4292 किसान ऐसे हैं, जिनकी व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है। 1737 किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन लंबित है। समितियों में शिविर लगाकर उक्त लंबित पंजीयन कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। किसानों से अपील किया जाता है कि जिन किसानों ने एग्रीस्टेक पोर्टल पर अपना पंजीयन नहीं कराया है, वे शीघ्र समिति में उपस्थित होकर धान पंजीयन का कार्य पूर्ण कराएं, ताकि वे समर्थन मूल्य के अंतर्गत अपना धान समितियों में बेच सकें।

### रायपुर क्राइम ब्रांच पर दो लाख चोरी के आरोप

**भिलाई।** रायपुर क्राइम ब्रांच के पांच पुलिस कर्मियों पर चोरी का आरोप लगा है। कारोबारी ने धनतेरस के दिन पुलिस कर्मियों पर 2 लाख रुपए चुराने का आरोप लगाया है। जिसकी लिखित शिकायत दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल से की है। मिली जानकारी के मुताबिक मयंक गोस्वामी का धमतरी में बाइक शो-रूम है। वह धनतेरस के दिन धमतरी से अपने घर दुर्ग आ रहा था। आरोप है कि प्रशांत शुक्ला, धनंजय गिरी गोस्वामी समेत 6 पुलिसकर्मी उसका पीछा करते हुए घर तक आ पहुंचे और चेकिंग के बहाने कार की तलाश ली। इस दौरान कार में रखे 2 लाख रुपए गायब हो गए। कारोबारी के मुताबिक यह रकम पुलिस कर्मियों ने निकाली है। कारोबारी के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में पुलिसकर्मी कार की तलाशी लेते नजर आए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने रायपुर एसएसपी को सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि कारोबारी से शिकायत मिली थी। रिपोर्ट बनाकर रायपुर एसएसपी को भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई जांच के बाद रायपुर से ही की जाएगी।

# त्योहारी खुमारी-जिला व सिविल अस्पताल में 70 फीसदी बेड खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दिवाली की खुमारी मरीजों पर भी बनी हुई है। त्योहार मनाने के लिए ज्यादातर मरीजों ने खुद से छुट्टी करवा ली। हाल यह है कि जिला व सिविल अस्पताल में 70 फीसदी बेड खाली पड़े हुए हैं। दो दिन अवकाश के बाद बुधवार को जब ओपीडी खुली तो गिनती के मरीज अस्पतालों में जांच करवाने पहुंचे। जिला अस्पताल 300 बिस्तर का हैं। दिवाली के पहले यहां 275 मरीज भर्ती थे। त्योहार मनाने के लिए जाने के बाद वर्तमान में यहां केवल 125 मरीज ही विभिन्न वार्डों में भर्ती हैं। यही हाल लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला का है। इस अस्पताल में दिवाली के पहले 50 मरीज भर्ती थे। इन दिनों महज 21 मरीज भर्ती हैं।

## दिवाली मनाने मरीज खुद से छुट्टी करवाकर चले गए अपने घर

### लक्ष्मी पूजा के लिए खुद घर पहुंचे मरीज

डॉक्टरों ने बताया कि किसी मरीज के पैर का आपरेशन हुआ था तो कोई डायरिया के चलते भर्ती था। कई मरीजों के अन्य समस्याओं को लेकर भर्ती किया गया था। जितने मरीज गए हैं उनमे कई मरीज तो ऐसे थे जिन्होने डॉक्टरों को स्वयं से छुट्टी करवा ली। सप्ताहभर का मेडीसीन डॉक्टरों से लिया और पर्ची में हस्ताक्षर कर चले गए। डॉक्टरों का कहना है कि गंभीर मरीज ही अस्पताल में भर्ती हैं जिन्हे रिस्क लेकर जाने नहीं दिया जा सकता। जो मरीज गए हैं उन्हे डॉक्टरों का मोबाइल नंबर दिया गया है ताकि कोई समस्या हो तो सीधे बातचीत कर लें।

### ओपीडी खुली लेकिन गिनती के मरीज पहुंचे

दिवाली अवकाश के बाद बुधवार को जिला अस्पताल और सिविल अस्पताल सुपेला की ओपीडी खुली। ओपीडी में जांच करवाने के लिए आम दिनों की अपेक्षा महज 40 फीसदी मरीज ही पहुंचे। इन मरीजों में ज्यादातर लोग ऐसे थे जो विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त थे इसलिए जरूरी समझकर अस्पताल इलाज के लिए आए। वायरल, सर्दी, खांसी के मरीजों का भी आना शुरू हो गया है। एक्सरे, सर्जरी, दांत, नेत्र की ओपीडी लगभग खाली रही। पैथालॉजी में भी जांच करवाने के लिए सामान्य दिनों में लंबी कतारें लगती है लेकिन स्थिति आज उलट की दिखी। स्वास्थ्य कर्मचारियों को मरीजों का इंतजार करना पड़ा।

### त्योहार के बाद लौटेंगे मरीज

लक्ष्मी पूजन के तत्काल बाद गोर्वधन पूजा होती है लेकिन इस बार गोवर्धन पूजा बुधवार को मनाई गई। गुरुवार को भाई दूज हैं और शुक्रवार को मातर उत्सव मनाया जाएगा। इस तरह अभी तीन दिन तक लगातार त्योहार है। इस स्थिति में जो मरीज अपने गांव त्योहार मनाने गए हैं वे अभी जल्दी लौटेंगे इसकी उम्मीद कम है। केवल शहरी क्षेत्र के मरीज ही अस्पताल में जांच व इलाज करवाने पहुंच सकते हैं।

### मॉनिटरिंग पर हैं मरीज

त्योहार मनाने के लिए ज्यादातर मरीज गए हैं। ऐसे मरीजों की मानिटरिंग भी स्टॉफ के द्वारा की जा रही है। त्योहार मनाने के बाद मरीज स्वयं ही लौट आते हैं। दिवाली के पहले की अपेक्षा वर्तमान में 60 प्रतिशत बर्थ खाली है।

**डॉ. पियम सिंह,** प्रभारी सिविल अस्पताल सुपेला

## मोहन नगर, छावनी और खुर्सीपार थाना क्षेत्र में हत्या की तीन घटनाएं

# रंगोली और पटाखा फोड़ने के झगड़े में हत्या स्टेशन के सामने युवक को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अलग-अलग थाना क्षेत्र में तीन हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। वहीं दुर्ग रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर मिले शव का शिनाख्त अब तक नहीं हो पाई है। घटना की तीन घटनाएं छावनी, खुर्सीपार, मोहन नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार स्थित तेलहा नाला फ्लाईओवर ब्रिज के पास रंजिश के चलते मंगल सिंह की हत्या दो युवको ने चाकू से कर दिया। जिससे मंगल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मंगल का दोस्त तुषार वर्मा भी घटने में गंभीर रूप से घायल है। जिसका उपचार सुपेला स्थित निजी अस्पताल में जारी है। वारदात की खबर लगने पर मौके पर एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी हेमप्रकाश नायक, फॉरेंसिक एक्सपर्ट डॉ मोहन पटेल, टीआई आनंद शुक्ला समेत पुलिस बल पहुंची। पुलिस ने आसपास में खोजबीन कर आरोपी रविन्द्र वर्मा, राजेश साहू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि राजेश साहू की बेटी ने घर के पास रंगोली बनाई थी।

रंगोली पर मृतक मंगल बाइक चढ़ा दिया जिसे लेकर सुबह विवाद भी हुआ था। विवाद थमने के बाद बुधवार की शाम मंगल अपने पास चाकू रखा था। तब उसके साथ तुषार भी था। दोनों आ रहे थे तभी आरोपी राजेश, रविन्द्र को देखने पर हमला करने का प्रयास मंगल ने किया। लेकिन आरोपियों ने उसका ही चाकू छिनकर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना में मृतक का दोस्त तुषार भी घायल है।

**घटना स्थल पर एएसपी समेत पुलिस की टीम पहुंचकर ली जानकारी**



### पटाखा फोड़ने को लेकर विवाद के बाद वृद्ध की हत्या



छावनी पुलिस ने बताया कि बैरागी मोहल्ला पावर हाउस में 2 युवकों ने पटाखा फोड़ने को लेकर हुए विवाद के बाद गणेश बैरागी पर हथियार से हमला कर दिया। जिससे गमेश की मौत हो गई। आरोपी युवकों में संजय और शुभम नामक युवको ने घर घुसकर हमला किया था। मृतक और आरोपी पड़ोसी हैं। मृतक गणेश बैरागी की पुत्री के मुताबिक उसके पिता अपने परिवार के साथ घर में खाना खा रहे थे। तभी मोहल्ले के संजय और शुभम उनके घर के बाहर भाभी सोनू बैरागी से पटाखा फोड़ने को लेकर विवाद किया। उसके भाभी पर हमला करने पीछे-पीछे घर के भीतर पहुंच गए। इस दौरान गणेश बैरागी ने बीच बचाव कर आरोपियों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने गणेश बैरागी पर ही हमला कर दिया। संजय अपने हाथ में रखे कटर से गणेश बैरागी के सीने और पेट पर वार कर मौत के घाट उतार दिया। जबकि शुभम ने उनका हाथ पकड़ रखा था ताकि वे बच न सकें। पुलिस ने संजय और शुभम को गिरफ्तार किया।

### शव का शिनाख्त तक नहीं कर पाई पुलिस

दुर्ग रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की सुबह अज्ञात युवक का शव खून से सना मिला। मृतक के गले और पीठ पर धारदार हथियार से वार के गहरे निशान पुलिस ने पाया है। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक की टीम जांच करने पहुंची थी। लेकिन पुलिस ने शव का शिनाक्त खबर लिखे जाने तक नहीं कर पाई है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि युवक की उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच होगी। उसके पास से किसी भी प्रकार का पहचान पत्र या मोबाइल मौके से नहीं मिला है। जिससे अब तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को मरचूरी में रखवा दिया है। वारिसन की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। एएसपी पद्मश्री तंवर के मुताबिक लोगों ने रेलवे स्टेशन के पहले गेट परिसर के भीतर युवक को खून से सने हालत में देखकर पुलिस को सूचना दी। इन निशानों को देखकर हत्या का संदेह जताया जा रहा है। शिनाख्त के लिए पुलिस शव का फोटो खींचकर सोशल मीडिया में वायरल किया है। मोहन नगर पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू किया लेकिन पुलिस के हाथ कुछ नहीं लग पाया है।

### आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया है। पूछताछ किया जा रहा है। रंगोली को लेकर विवाद हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत आरोपियों को ट्रेस कर लिया। शव को पीएम के लिए भेजकर जांच में लिया गया है।

**सुखनंदन राठौर,** एएसपी शहर

# भिलाई-दुर्ग के आधे शहर की बिजली गुल, बिजली दफ्तर में शिकायत सुनने वाला भी कोई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बिजली की लचर व्यवस्था की पोल ऐन दीपावली त्योहार के समय खुलकर सामने आ गई है। 20 अक्टूबर से लगातार तीन दिनों से बिजली की आंख मिचौली ने लोगों को परेशान कर दिया है। इतना ही नहीं दुर्ग और भिलाई शहर में आधे से ज्यादा जगहों पर स्ट्रीट लाइटें बंद हैं। लोगों ने लंबे समय बाद अंधेरे में दिवाली मनाई। खास बात यह है कि बिजली दफ्तरों में बिजली गुल होने की शिकायत उपभोक्ता करते रहे, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। बिजली उपभोक्ताओं के फोन तक नहीं उठाए गए। एई और ईई स्तर के अधिकारियों ने भी फोन नहीं उठाया, जिसकी वजह से लोगों को ऐन दिवाली खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के मुताबिक दुर्ग शहर के बोरसी, मालवीय नगर चौक से जेल रोड, धमधा नाका, रायपुर नाका से नेहरूनगर चौक के आगे कोसानाला तक, गोल बाजार वैशालीनगर, चिखली से जुनवानी रोड, पुलगांव से नयापारा, मिनी माता चौक से न्यू आदर्श नगर सहित अन्य जगहों पर बिजली गुल रही। भिलाई-चरोदा में भी स्ट्रीट लाइटें बंद रहीं। बिजली कंपनी के अफसरों से इस बारे में जानकारी ली गई, तो उन्होंने इस प्रकार की किसी भी प्रकार की जानकारी से इंकार कर दिया। जबकि बुधवार को भी अधिकांश शहर के स्ट्रीट लाइट बंद थे। टाउनशिप के कुछ हिस्सों में भी कमोबेश इसी प्रकार के हालात थे।

### बिजली दफ्तरों में कॉल अटेंड करने वाला भी कोई नहीं

जवाहर नगर, बघेरा और दुर्ग जोन कार्यालय में बिजली बंद होने की समस्या को लेकर लोगों ने शिकायत की। बिजली उपभोक्ताओं ने टेलिफोन पर बिजली बंद होने की जानकारी देनी चाहिए, लेकिन कॉल ही नहीं अटेंड हुआ। पंचशील नगर के लाखेश्वर पांडेय ने बताया कि पंचशील नगर से बघेरा रोड और आगे कोटनी में लाइटें बंद थी। इसी प्रकार गयानगर के राहुल अग्रवाल ने बताया कि उरला रोड में बिजली दो घंटे से ज्यादा समय बंद रही। स्ट्रीट लाइटें अब भी बंद है। जवाहर नगर से राजीव कुमार ने बताया कि 21 अक्टूबर को रात करीब साढ़े 9 बजे अचानक बिजली गुल हुई, दफ्तर में फोन लगाया, लेकिन किसी ने उठाया ही नहीं। आधे घंटे बाद बिजली आई।

- बिजली उपभोक्ता पूरी रात फोन गनगनाते रहे

### इस बारे में मुझे जानकारी नहीं

इस बारे में मुझे जानकारी नहीं है, अधिकारियों से जानकारी लेकर ही कुछ बता पाउंगा, जिन जगहों के बारे में आप बता रहे हैं, वहां जल्द ही समस्या का निराकरण किया जाएगा।

**संजय खंडेलवाल,** मुख्य अभियंता बिजली कंपनी

# पटाखों से 21 घायल, चाकूबाजी के 65 केस पहुंचे अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- विभिन्न थाना क्षेत्र की है घटना
- थानों में अपराध दर्ज के बाद पहुंचे अस्पताल

दीवाली की रात पटाखा जलाने के दौरान 21 लोग घायल गए। वहीं चाकूबाजी में 65 लोग अस्पताल में उपचार करा रहें है। यह घटना शहर के विभिन्न थाना क्षेत्र से है। पटाखों से हाथ, पैर और चेहरे पर जलन या चोटें आई हैं। सभी का उपचार सुपेला अस्पताल भिलाई और जिला अस्पताल दुर्ग में हो रहा है। दिवाली पर भिलाई के सुपेला अस्पताल में पटाखों से जलने या घायल के कुल 12 मामले सामने आए। लेकिन ज्यादातर लोग मामूली रूप से घायल हुए थे और सभी का इलाज सुपेला अस्पताल में जारी है। दिवाली से एक दिन पहले रविवार को ही 2 केस आए थे। दिवाली की रात सोमवार को 9 केस सामने आए, जबकि मंगलवार को 1 नया मामला अस्पताल पहुंचा। जबकि दुर्ग जिला अस्पताल में दिवाली के समय पटाखों से जलने या घायल होने के 9 मामले आए। दिवाली की रात को 6 मरीज पटाखा जलाने के दौरान झुलस गए थे। वहीं मंगलवार की सुबह 3 और मरीज इसी वजह से अस्पताल पहुंचे। इनमें से एक मरीज की हालत गंभीर बताई गई है, जिसे भर्ती किया गया है। बाकी मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दिया गया है।

### थाना क्षेत्रों में हुई चाकूबाजी

शहर व ग्रामीण थाना क्षेत्रों में चाकूबाजी से घायल 65 मरीज अस्पताल उपचार कराने पहुंचे है। जिसमें अधिकांश मामले पटाखा फोड़ने को लेकर विवाद तो कही नशे की हालत में आपस में ही विवाद के बाद चाकूबाजी की वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए है। शिकायत के बाद पुलिस चाकूबाजी की जांच कर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। फिलहाल एका दुका मामले में पुलिस चाकूबाजी करने वाले आरोपियों को पकड़ा है। लेकिन कई आरोपी अब भी फरार है।

# तीन दिनों के बाद तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- प्रदेशभर में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस दुर्ग का

मानसून की विदाई के बाद अब तापमान में गिरावट आएगी। वर्तमान में अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस चल रहा है। जो प्रदेश में सबसे ज्यादा है। आने वाले तीन दिनों के बाद अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। मौसम विभाग के हिसाब से दुर्ग संभाग में बारिश की संभावना नहीं है लेकिन हल्की बारिश कहीं-कहीं कुछ देर के लिए हो सकती है। आसमान मुख्यतौर पर साफ रहेगा।

### न्यूनतम तापमान में कोई परिवर्तन नहीं

मौसम विभाग के मुताबिक अगले 4 दिनों तक दक्षिणी छत्तीसगढ़ में हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने की संभावना है। 3 दिनों के बाद अधिकतम तापमान में 2-3C की गिरावट तथा अगले 3 दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 33.2C दुर्ग में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 17.0C अंबिकापुर में दर्ज किया गया।

**मौसम का सिनोप्टिक सिस्टम :** मौसम विभाग के मुताबिक एक स्पष्ट निम्न दबाव का क्षेत्र तमिलनाडु तट के पास बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में बना हुआ है। अगले 24 घंटों के दौरान इसके उत्तरी तमिलनाडु, पांडिचेरी और दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तटों से होते हुए उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। दक्षिण छत्तीसगढ़ में बंगाल की खाड़ी से नमी आने कारण एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा हो रही है। इसके लगातार यही स्थिति बने रहने की संभावना है।

## निगम की अनदेखी का शिकार हो रहा कुरुद का नकटा तालाब, गंदगी से अटा

# सीवरेज का गंदा पानी जा रहा तालाब में, इसमें अर्घ्य देंगी छठ व्रतधारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दो दिन बाद 25 अक्टूबर को छठी माता का पर्व है। 28 अक्टूबर को वृतधारी महिलाएं उगते सूर्य को अर्ध्य देंगी। हर साल की तरह इस बार भी वार्ड 22 कुरुद स्थित नकटा तालाब में सैकड़ों की संख्या में वेदियां तैयार की गई है, लेकिन यहां महिलाओं को सीवरेज मिले गंदे पानी के जल में अर्ध्य देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। आपको भिलाई नगर निगम क्षेत्र में स्थित कुरुद नकटा तालाब, वैकुंठ धाम तालाब और सेक्टर 2 का तालाब छठ पर्व के लिए प्रसिद्ध हैं। यहां हजारों की संख्या में छठ पर्व मनाने लोग आते हैं। पूरे विधि विधान से वेदी की पूजा करने के लिए उगते सूर्य को अर्ध्य देतीं हैं। इस त्योहार से पहले निगम सभी तलाबों की साफ सफाई और प्रकाश व्यवस्था करता है। इस सबके बीच कुरुद का नकटा तालाब निगम की अनदेखी की भेंट चढ़ रहा है। इस तालाब को पहले तो मूर्ति विसर्जन के लिए खोल दिया गया और उसके बाद पानी के अंदर से प्रतिमाओं के अवशेष को नहीं निकाला गया। इसके साथ ही इस तालाब में नाली और सीवरेज टैंक का गंदा पानी छोड़ा जा रहा है। कई बार शिकायत के बाद भी निगम इस अव्यवस्था को ठीक नहीं कर पाया है। इससे लोगों में काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि ये आस्था के साथ सीधा खिलवाड़ है। लोगों का कहना है कि निगम को चाहिए कि सीवरेज के पानी को नाली के जरिए दूसरी जगह डाले, लेकिन यहां ये पानी सीधे तालाब में छोड़ा जा रहा है। हालत यह है कि तालाब के पानी से बदबू आने लगी है। यदि इस पानी में कोई नहाएगा तो कई तरह की बीमारियां होने का भी अंदेशा है।



### सफाई के नाम पर खानापूर्ति

निगम ने छठ के नाम पर तालाब की साफ सफाई तो की है, लेकिन सिर्फ खानापूर्ति के लिए। अभी भी तालाब में चारों तरफ कचरा बह रहा है। पानी से बदबू आ रही है और दुर्गा व गणेश प्रतिमाओं के अवशेष भी इस पानी में तैर रहे हैं। सही समय पर साफ- सफाई न किया जाने से तालाब का पानी काफी संक्रमित हो गया है। यह तालाब लोगों की निस्तारी का प्रमुख माध्यम है।

### खतरों के बीच होगी छठ पूजा

कुरुद नकटा तालाब के ऊपर से गिट्टी, रेत और मुरुम से भरे ट्रक आना-जाना करते हैं। ऐसे में यहां बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। इसमें कीचड़ और पानी का भराव है। निगम के अधिकारियों ने ना तो यहां मुरुम डालकर कोई लेवलिंग की है और ना अन्य व्यवस्था। ऐसे में यहां भीड़ के बीच व्रतधारी महिलाएं और उनके परिवार गिरकर चोटहिल हो सकते हैं।

### अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहा कुरुद का नकटा तालाब

सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के बाद भी कुरुद नकटा तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहा है। यहां पिछले साल निगम ने तालाब की मेड़ पर हुए अतिक्रमण को हटाया था। लोगों को प्रधानमंत्री आवास भी दिया, लेकिन उन्हीं लोगों ने फिर से उस जगह पर अपनी झोपड़ी बना डाली है और तो और वहां पक्का निर्माण भी कर रहो हैं। इसके अलावा कई अन्य लोग भी अपने घरों की बाउंड्री को तालाब की मेड़ के ऊपर ले जाकर बना रहे हैं। निगम अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बाद भी वो उस अतिक्रमण पर कोई रोक नहीं लगा रहे हैं।

### होगी कार्रवाई

छठ पर्व को लेकर तालाब की साफ सफाई का काम कराया जा रहा है। रही बात अतिक्रमण की तो इसकी जांच करवाकर उसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

**राजीव कुमार पाण्डेय,** आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना 5 नवंबर से जिले के 445 श्रद्धालु करेंगे सोमनाथ के दर्शन

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत 5 नवम्बर से 11 नवम्बर 2025 तक द्वारिका, सोमनाथ और नागेश्वर की यात्रा के लिए जिले से 445 वरिष्ठ नागरिक यात्रा में भेजे जाएंगे। 60 वर्ष या 60 वर्ष से ऊपर के लोग यात्रा में शामिल हो रहे हैं। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बताया कि जिले के 445 यात्री जिसमें 334 ग्रामीण व 111 शहरी क्षेत्र के यात्री एवं 11 अनुरक्षक को सम्मिलित करते हुए कुल 456 का कोटा निर्धारित है। उक्त यात्रा में 80 प्रतिशत हितग्राही बीपीएल, अंत्योदय एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के कार्डधारी एवं 20 प्रतिशत हितग्राही गरीबी रेखा के ऊपर एपीएल के नागरिक होंगे, जो आयकर दाता हो। उक्त यात्रा में शामिल होने आवेदक संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय एवं नगरीय निकायों में 26 अक्टूबर तक स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा कर सकते हैं।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

रायपुर, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129

12



कुगदा के विद्यालयों में बीएसपी ने डोम शेड का किया हस्तांतरण

सिटी इवेंट

## डॉ. पाणीग्राही को ऑनलाइन एनर्जी मैराथन में मिले 3 वर्ल्ड रिकॉर्ड



■ आईजीईएन आयोजित एनर्जीथान 2025 में ग्लोबल एनर्जी मैराथन में ऑनलाइन 37 घंटे लिया भाग

**दुर्ग ।** अवर पावर एंड आवर प्लैनेट थीम पर आधारित आई जी ई एन द्वारा एनर्जीथान 2025, एनर्जी मैराथन का ऑनलाइन आयोजन लगातार 37 घंटे के लिए किया गया। यह एक वैश्विक मैराथन था, जिसमें विश्व के 25000 लोगों ने भाग लिया। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य एवं सीओपी 30 को लक्ष्य कर पर्यावरण एवं पंच महाभूत संरक्षण के लिए यह मैराथन किया गया। ऐसे विश्व स्तरीय मैराथन में पर्यावरण प्रेमी ग्रीन केयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही ने लगातार ऑनलाइन 37 घंटे भाग लेकर 3 वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट अर्जित किए। डॉ. पाणीग्राही को अलग अलग केटेगरी में वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेशन प्राप्त हुए। मैराथन में 18 घंटे भाग लेने के लिए एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स अचीवर सर्टिफिकेशन, 24 घंटे भाग लेने के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट एजेंसी ग्रेट ब्रिटेन द्वारा स्टार पार्टिसिपेंट वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट एवं लगातार 37 घंटे भाग लेने के लिए स्टार पार्टिसिपेंट, डब्लूओआर वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट यूरोपियन यूनियन द्वारा प्रदान किए गए। तीनों वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही को आईजीईएन से हाल ही में मेल से प्राप्त हुए हैं। डॉ. पाणीग्राही के इस शानदार उपलब्धि के लिए पर्यावरण प्रेमियों ,मित्रों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी।

● भिलाई-दुर्ग सहित ग्रामीण क्षेत्र में लक्ष्मी पूजा, गौरा-गौरी और गोवर्धन पूजा की रही धूम, मातर आज

# रात में हुआ गौरा-गौरी का विवाह, सुबह और शाम को निकली विसर्जन शोभायात्रा, गोवर्धन पूजा के दौरान भक्तों ने खाया सोंटा, लिया प्रसाद

**बुधवार की रात धूमधाम से गौरा-गौरी के विवाहोत्सव मनाया गया। ग्रामीणों ने परंपरा अनुसार पूरे विधि विधान से भगवान शिव-पार्वती के विवाह की रस्में निभाई। गौरा भगवान शंकर व पार्वती गौरी के साथ नंदी, भीमसेन की आकर्षक प्रतिमाएं बनाई गईं। ग्रामीणों ने रात में प्रतिमाओं के साथ भगवान शंकर व पार्वती के विवाह की ग्राम में गड़वा बाजा के साथ कलश यात्रा निकालकर भ्रमण कराया गया। दुर्ग के बैगापारा, मठपारा, शंकरनगर, दीपक नगर, भिलाई के रामनगर सुपेला, पावर हाउस, रिसाली, हनोदा, धनौरा में गौरा गौरी चौक में भगवान गौरा गौरी की स्थापना की गई। इसके बाद पारंपरिक तरीके से त्योहार मनाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी आयोजन किए गए। गौरा-गौरी की बारात व शोभायात्रा निकाली। इसमें सभी लोगों ने हिस्सा लिया। महिलाएं, पुरुष, बालक, बालिकाओं ने सिर पर शिव पार्वती को लेकर शोभायात्रा निकाली। सुबह सात बजे विसर्जन किया गया। इसके बाद गोवर्धन पूजा और शोभायात्रा का दौर शुरू हुआ, जो पूरे दिन चला। बता दें कि राउत समाज गोवर्धन की विशेष पूजा करते हैं। इसी प्रकार ठेठवार मातर मनाते हैं। गोंड़, आदिवासी समाज द्वारा गौरा-गौरी पर विवाह संस्कार का आयोजन करते हैं।**

**दुर्ग।** भिलाई, दुर्ग सहित कई ग्रामीण स्थानों में गौरा-गौरी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में भक्त शामिल हुए। इन शोभायात्राओं के दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन किया गया और अंत में मूर्तियों का स्थानीय तालाबों में विसर्जन किया गया। देवी-देवताओं की मूर्तियों को सिर पर कलश रखकर पूरे गांव में घुमाया गया। भक्तों ने पारंपरिक नृत्य और गीतों के साथ यात्रा में हिस्सा लिया। कुछ स्थानों पर युवाओं ने अपनी मनोकामनाओं को पूरा करने के लिए सोंटा खाकर और शोभायात्रा के सामने लेटकर यात्रा को अपने ऊपर से गुजरने देकर गौरा-गौरी का आशीर्वाद लिया। पूजा और शोभायात्रा के बाद, मूर्तियों को स्थानीय तालाबों में विसर्जित कर दिया गया, जिससे यह पर्व संपन्न हुआ। गौरा-गौरी पर्व धनतेरस से शुरू होकर दीपावली के बाद तक चलता है और यह शिव और पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दौरान लोक गीतों और नृत्य के बीच उनका विवाह कराया गया। गौरी-गौरा पूजा की परंपरा मुख्यत आदिवासी समाज के बीच प्रचलित है। लेकिन अन्य समाज के लोग भी उसमें शामिल होते हैं। रात में कुम्हार के घर से गौरी-गौरा की प्रतिमा को लाकर एक निश्चित स्थान पर रखा गया। रातभर लोकगीतों और नृत्यों के बीच श्रृंगार और पूजा-अर्चना का कार्यक्रम हुआ। छत्तीसगढ़ में गौरा-गौरी पूजा मनाने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। गोवर्धन पूजा और गौरा गौरी पूजा के अवसर पर अपने हाथों पर सोटा खाने की मान्यता है। ऐसी मान्यता है कि सोंटा से मार खाने के बाद सभी तरह के दुख और परेशानियां दूर हो जाती है। इधर दीपावली पर 20 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा की गई। जगह-जगह सामूहिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सिविक सेंटर में सभी धर्मों के लोग जुटे, जहां जमकर आतिशबाजी कर एक दूसरे को दीपावली की बधाई दी गई।



### गौरा-गौरी और गोवर्धन पूजा के साथ निकली शोभायात्रा



दीपक नगर में यादव समाज द्वारा गौरा-गौरी और गोवर्धन पूजन का आयोजन किया गया। कृष्णा भगवान मंदिर अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट की अध्यक्ष करुणा यादव ने बताया कि परंपरा अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किए गए। विधि विधान से गौरा-गौरी की पूजा अर्चना कर सकल चराचर मंगलमय हो कि कामना की गई। इस अवसर पर वार्ड 23 दुर्ग पार्षद मनोज सोनी, समाजवादी पार्टी के नेता बृजेश कुमार यादव, ब्रह्मदत्त यादव, शंकर ठाकुर, कमलेश सेन, रौशन साहू, फुलेश्वरी यादव, निर्मला यादव, सरस्वती यादव, मंजूषा यादव, मंजू ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।



### समाजसेवी इन्द्रजीत सिंह छोटू ने की गोवर्धन पूजा

देवारी तिहार और गोवर्धन पूजा पर्व पर समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू ने परंपरागत तरीके से पूजा कर नगरवासियों की खुशहाली की कामना की। इंद्रजीत ने इस अवसर पर कहा कि देवारी तिहार और गोवर्धन पूजा हमारे भारतीय संस्कारों, प्रकृति के प्रति आदर और गौ-सेवा की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें एकता, सहयोग और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ संस्कार और संस्कृति का गढ़ है। यहां गोवर्धन पूजा और देवारी तिहार बड़े ही परंपरागत तरीके से मनाया जाता है। वो हर साल इस पूजा में शामिल होकर परंपरा के मुताबिक सोंटे खाते हैं और राज्य व देश की खुशहाली के लिए भगवान से कामना करते हैं। इस दौरान पूजा में बड़ी संख्या में अलग-अलग समाज के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

सिटी इवेंट

## दिवाली पर मां लक्ष्मी की आराधना सोन के मुंदरी लोक नृत्य का आयोजन



■ ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर आयोजन में हुए शामिल

**दुर्ग।** ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने उतई में जय मां बंजारी लक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा स्थापित मां लक्ष्मी जी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर चंद्राकर ने प्रदेश वासियों के खुशहाली की कामना की। उन्होंने सोन के मुंदरी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का प्रतीक है। यह पर्व हमें सिखाता है कि सत्य और न्याय की जीत होती है, और असत्य और अन्याय का नाश होता है। दीपावली का पर्व हमें सिखाता है कि हमें अपने जीवन में सच्चाई और न्याय के मार्ग पर चलना चाहिए। यह पर्व हमें सिखाता है कि हमें अपने परिवार और समाज के साथ मिलकर रहना चाहिए। इस अवसर पर उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख, महामंत्री चंदू देवांगन, वार्ड पार्षद हूबी राम साहू, सोनू राजपूत सतीश चंद्राकर, लक्ष्मी नारायण साहू, भीमसेन सिन्हा, विजय लक्ष्मी साहू, रमशिला साहू, राकेश साहू, लता सोनवानी, द्वारिका साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# दुर्ग में बच्चों संग शिक्षा मंत्री गजेन्द्र ने मनाई दिवाली



**दुर्ग।** दीपावली के पावन अवसर पर विष्णु की दीया कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने बच्चों संग दीप जलाकर फटाके फोड़े और दिवाली की खुशियां साझा की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में इस अनूठे कार्यक्रम में बच्चों के साथ दीपोत्सव मनाकर मंत्री ने शिक्षा और संस्कृति का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। गजेन्द्र यादव ने कहा की शक्तिनगर के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में शाम 5 बजे से आयोजित विष्णु के दीया कार्यक्रम में शामिल होकर देश का भविष्य गढ़ने वाले बच्चों के साथ दिवाली मनाई। बच्चों को सम्बोधित करते हुए स्कूल आ पढ़े बर जिनगी ल गढ़े बर थीम को लेकर जीवन में शिक्षा के महत्त्व को बताते हुए पढ़ाई करने प्रेरित किये।दीपावली का यह पावन पर्व ज्ञान, प्रकाश और संस्कृति का सुंदर संगम है। दीपोत्सव के इस पावन अवसर पर हम सभी बच्चों, शिक्षकों और दुर्ग के परिवारजनों के साथ विद्यालय परिसर में दीप प्रज्वलित किया गया, ताकि हर कक्षा, हर मन और हर घर में शिक्षा का उजाला फैल सके। इस अवसर पर हम सभी ज्ञान ही सच्चा प्रकाश है के संकल्प को पुनः दोहराया गया। शाम 5 बजे से शुरू हुए विष्णु के दिया आयोजन में बच्चों ने सुवा नृत्य और दीपावली गीतों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में महापौर परिषद के सदस्य देवनारायण चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, कमलेश फेकर, पार्षद कांशीराम कोसरे, सुरुचि उमरे, अंजु तिवारी, डीईओ अरविंद मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

# वार्ड 30 की पार्षद ने सफाई मित्रों संग मनाई दिवाली



**भिलाई।** वार्ड 30 की पार्षद सत्या देवी जयसवाल ने एक अनूठा प्रयास किया। उन्होंने सफाई मित्रों के साथ दीपावली त्यौहार की खुशियां बांटी। सुबह अपने-अपने काम से फ्री होकर महिला एवं पुरुष सफाई मित्र वार्ड 30 की पार्षद सत्या देवी जयसवाल के निवास स्थान पहुंचे, जहां वार्ड पार्षद ने अपनी श्रद्धा अनुसार बारी-बारी से सभी सफाई मित्रों को दीपावली के पावन पर्व पर मिष्ठान एवं उपहार प्रदान किया। कार्यक्रम के बाद सफाई मित्रों ने अपने वार्ड पार्षद सत्या देवी जयसवाल का आभार व्यक्त किया।

सिटी इवेंट

## दीवाली पर घर-घर बांटें रोशनी और फैलाएं खुशियां अभियान



**भिलाई।** दीपावली के अवसर पर घर-घर बांटें रोशनी और फैलाएं खुशियां अभियान के तहत भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा जरूरत मंद लोगों तक पहुंच कर दीये, तेल, बाती, खील-बताशे, मिठाई एवं हल्के पटाखे बांटने का कार्य जारी है, ताकि उनकी दीवाली भी रोशन और खुशियों से भरा रहे। धनतेरस की रात में महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने माडल टाऊन के बच्चों के संग फुलझड़ी, चकरी एवं हल्के पटाखे चलाकर खुशियां बांटी। बच्चे खुशी से नाचते एवं उछल-कूद करते नजर आए। बच्चों को हल्के एवं सुरक्षित पटाखे भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में दिनेश कुमार गुप्ता, शिवप्रसाद साहू, दिनेश प्रसाद मिश्रा, गंगाचरण पुरोहित, चंद्रभान डिंडे, पवन जैन, पी. एन. त्रिपाठी, राजपाल सिंह राघव, ओमप्रकाश गुप्ता, हुकुमचंद देवांगन, माखनलाल टंडन, शील कुमार राघव, जगदीश राम साहू, धनीराम साहू, ओमप्रकाश साहू आदि मौजूद थे। सदस्यों ने मॉडल टाउन, जुनवानी, वैशाली नगर, कोहका, कुरुद, मदर टेरेसा नगर, भिलाईनगर रेलवे स्टेशन के समीप श्रमिक बस्तियों आदि स्थानों पर जाकर जरूरतमंदों को पैकेट बांटे।

राजस्थान से आए ब्रहम कुमार ने सुमधुर गीतों की दी प्रस्तुति, जिलेभर के साधक हुए शामिल

# आनंद सरोवर और राजऋषि भवन में दिवाली पर नशा नाश का द्वार-राजयोग खुशियों का आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बघेरा स्थित आनंद सरोवर व राजऋषि भवन केलाबाड़ी में दीपावली उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रीटा बहन, रूपाली बहन, अविराज भाई व अन्य सभी बहनों ने दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर दाऊ भाई के निर्देशन में नशा नाश का द्वार-राजयोग खुशियों का आधार नृत्य नाटिका विवेक, सौरभ, चयन, अभिषेक, चहक, कन्हैया, ईश्वर, मेहुल व देव भाई द्वारा प्रस्तुत किया गया। युक्ति, चंद्राणी, मौसमी, जागृति द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। माउंट आबू राजस्थान से आए हुए ब्रह्माकुमार युगरत्न भाई ने सुमधुर गीत की प्रस्तुति दी। रीटा बहन ने कहा कि वास्तव में निराकार परमपिता परमात्मा शिव हमें यह बताते हैं कि इस दुनिया में सभी मनुष्य आत्माएं चाहे नर हो या नारी सभी पांच विकार काम, क्रोध, मोह, लोभ, अहंकार रूपी रावण के कैद में है। सभी रावण के अधीन है। जब परमात्मा यह ज्ञान देते हैं कि आप सभी देह में निवासरत चैतन्य आत्माएं है, जिससे आत्माओं को यह स्मृति आती है कि हम देह से भिन्न एक चैतन्य शक्ति है तो हमारी आत्मिक ज्योति जगती है। इससे हम आत्माओं के मूल गुण पवित्रता, सुख, शांति, आनंद, प्रेम, ज्ञान व शक्ति रूपी दिव्य संस्कार जागृत होती है।





### आत्मिक व्यवहार करने से देने का भाव होता है जागृत

नया सुखमय संसार का आगमन होता है, जहां सभी आत्माओं की ज्योति जगी हुई होती है। वास्तव में जब हमें यह महसूस होता है कि हम इस देह से भिन्न चैतन्य आत्मा है। प्रतिपल स्वयं को आत्मा निश्चय कर अन्य मनुष्य आत्माओं से आत्मिक व्यवहार करते हैं तो हमारे व्यवहार में देने का भाव जागृत हो जाता है, जिससे भी हम मिलते हैं, उसे सुख देते हैं। शांति देते हैं, प्रेम देते हैं, खुशी देते हैं वास्तव में आत्म जागृति ही सच्ची दीवाली है। इस दीवाली में जिसके भी संपर्क में आए उन्हें सम्मान, दुआ, प्रेम, खुशी, शांति देना है। कार्यक्रम के अंत में ब्रह्माकुमारी रूपाली बहन ने राजयोग कॉमेन्ट्री कराते हुए सामूहिक राजयोग मेडिटेशन द्वारा सर्व मनुष्य आत्माओं का जीवन स्वस्थ सुख शांति संपन्न हो इसकी मंगल कामना की।

## खबर संक्षेप

### रूपनारायण को मिला कैबिनेट मंत्री का दर्जा, हर्ष



**जामगांव आर।** समीपस्थ ग्राम कुम्हली निवासी छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा को छत्तीसगढ़ शासन ने कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू,जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रय लालेश्वर साहू, धनराज साहू, किशोर साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष नारद साहू, मंडल कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, पूर्व महामंत्री प्रमोद जैन, भगवान सिंह चंद्राकर, सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, व्यवस्थापक आसकरण जैन, शासकीय कालेज जामगांव आर जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश केला, सेजस अध्यक्ष अंगेश्वर साहू और मछुवारा संघ प्रदेश कोषाध्यक्ष नेतराम साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

### प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की साहू ने



**अंडा।** पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रदेशवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर साहू ने प्रदेशवासियों के सुखी व खुशहाल जीवन और उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री साहू ने प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धनतेरस एवं दीपों का महापर्व दीपावली हमारी संस्कृति के जीवन मूल्यों का संवाहक है।

### निधन

### प्रिया पंजवानी



**भिलाई।** एलआईजी 363, चरोदा हाउसिंग बोर्ड निवासी व सिंधी समाज भिलाई की सदस्या प्रिया पंजवानी 47 वर्ष का निधन 20 अक्टूबर को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 21 अक्टूबर को भंडारा, महाराष्ट्र मुक्तिधाम में किया गया। वे विजय पंजवानी पत्नी, गरिमा पंजवानी की मां, डॉ राजकुमार पंजवानी की बहू थीं।

### पारंपरिक तरीके से गौरा-गौरी स्थापित कर दूसरे दिन किया विसर्जन

# गांव-गांव में दीपावली की रौनक, गोवर्धन पूजा और गौरा-गौरी विसर्जन में जुटे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

आजाद चौक और महामाया पारा इन्द्र नगर के गौरा-गौरी एक साथ पाटन नगर पंचायत के ओगर तालाब में गौरा-गौरी विसर्जन का पारंपरिक आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ हुआ। आदिवासी समाज के लोगों ने अपने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार इस लोकपर्व को मनाते हुए नाच-गान और पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर समूह में गौरा-गौरी को निकाली और गीतों के माध्यम से अपनी लोकसंस्कृति की झलक प्रस्तुत की। ढोल, मांदर और थाप पर युवक-युवतियाँ थिरकते नजर आए, पारपरिक ढंग से सोटा मारते हुआ निकली। महिलाएं भी इस बार सोटा लेकर निकली हुई थी जिससे पूरा वातावरण आनंदमय और भक्तिमय बन गया। विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु शामिल हुए। सभी ने तालाब तट पर पहुंचकर गौरा-गौरी की प्रतिमाओं का विधिवत पूजन किया और सुख-समृद्धि, परिवार की खुशहाली तथा अच्छी फसल की कामना की। इस अवसर पर गांव की बुजुर्ग महिलाएं पारंपरिक लोकगीतों के साथ नई पीढ़ी को इस त्यौहार का महत्व समझा रही थीं। ओगर तालाब के चारों ओर रंग-बिरंगे वस्त्रों और सजावट से उत्सव का मनमोहक दृश्य देखने को मिला। पारंपरिक संस्कृति और आस्था से सराबोर यह आयोजन पाटन की सामाजिक एकता और लोक परंपरा की जीवंत मिसाल बन गया।



### गौरा-गौरी स्थापित कर दूसरे दिन किया विसर्जन



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंडा, चिंगरी, अछोटी, भरदा, कुथरेल, जंजगिरी, कोनारी, चंदखुरी, कोलिहापुरी, विनायकपुर, आमटी, आलबरस, निकुम, खाड़ा, रूदा, भोथली, तिरगा, झोला, अंजोरा, खपरी, रसमड़ा, गनियारी, बोरई सहित अन्य जगह भी धूमधाम से गौरी-गौरा पर्व मनाया। देश के सबसे बड़े त्यौहार दीपावली पर्व पर छत्तीसगढ़ में मनाई जाने वाली गौरा-गौरी विवाह गोवर्धन पूजा और राऊत जनजाति की प्रमुख मातर गांव में खुश सुख समृद्धि के साथ फसलों की अधिक पैदावार के लिए यह त्यौहार पर ग्रामीणों के लिए सबसे खास होता है। धन की माता लक्ष्मी की पूजा के पश्चात विधि-विधान से ग्रामीणों के साथ गौरा-गौरी, शिव पार्वती जगार करते हैं।

### पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सोटा लेकर निभाई परंपरा



**कुम्हारी।** नगर में मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना के बाद देर रात से आदिवासी समाज द्वारा गौरा गौरी की बारात निकाली गई जिनमें बड़ी संख्या में नगरवासी जुटे और नाचते गाते हुए शीतला मंदिर तक पहुंचे। वहीं दीपावली के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार 21 अक्टूबर की सुबह कुम्हारी के पुरानी हटरी पहुंचकर गौरी-गौरा की पूजा करने के बाद प्रदेश वासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख समृद्धि की कामना की। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सोटा खाने की परंपरा को निभाते हुए अपने हाथों पर सोटा लिया। कुम्हारी निवासी गिरधारीलाल ध्रुव ने परंपरा का निर्वहन करते हुए सीएम को सोटा लगाया। इनके बाद सीएम ने नगर भ्रमण कर नगरवासियों से मुलाकात किया। भारी संख्या में नगरवासियों के साथ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अपने विधायक का स्वागत जोशीले अंदाज में किया।

## मात्र 17 मिनट में पूरा हुआ दो जोड़ों का रमैणी विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

'आध्यात्म का आगाज समाज सुधार का संकल्प' के उद्देश्य के साथ गौरी भवन कोसा नगर भिलाई में एक अनूठी पहल हुई। यहां बिना दहेज, बिना रस्म, बिना मेहंदी एवं लोक दिखावा के शांति पूर्ण ढंग से मात्र 17 मिनट में गुरु वाणी से दो जोड़े का रमैनी विवाह (शादी) संपन्न हुआ। जिसमें दोनों जोड़ों के परिजन शामिल हुए एवं सैकड़ो जगतगुरू तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के शिष्य इस अनोखे विवाह के गवाह बने। शिष्यों ने बताया कि संत जी समाज में फैले कई कुरीतियां, पाखंड, नशा खोरी, भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने का बीड़ा उठाया है और एक स्वस्थ समाज बनाने का संकल्प लिया है, जिसमें सबसे बड़ी दहेज रूपी दानव को पूरी तरह से समाप्त करना है। जिससे बेटियां अपने ससुराल में बहु नहीं बेटी बनकर सुख पूर्वक अपना दाम्पत्य जीवन निर्वहन कर सके और बेटी के माता-पिता भी निश्चिंत रहे साथ ही समाज में बेटी की गर्भ में हत्या होने से भी बचाया जा सके। संत के शिष्यों ने आगे बताया कि इस प्रकार आडंबर मुक्त, दहेज मुक्त विवाह का लाभ आज वर्तमान में लाखों बेटियों ले चुकी है, और विवाह पश्चात अपना दाम्पत्य जीवन बहुत ही सुख पूर्वक व्यतीत कर रहे है। संत रामपाल महाराज के शिष्यों ने यह जानकारी भी दी कि यह सब संभव शास्त्र अनुकूल साधना और भक्ति से ही संभव है जो इनके गुरु संत रामपाल महाराज देते है।

## नीतीश को क्विज में राष्ट्रीय स्तर पर मिली 51वीं रैंक, सराहे गए छात्राओं के मॉडल भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा




भारतीय मानक ब्यूरो रायपुर की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 14 अक्टूबर को विश्व मानक दिवस का आयोजन किया। मानकों के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने भारतीय मानक ब्यूरो ने स्कूलों में पंजीकृत मानक क्लब के सदस्यों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा के छात्र नितिश कुमार निर्मलकर ने राष्ट्रीय स्तर पर 51 वां स्थान हासिल कर शाला को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मानक महोत्सव रायपुर में हुए समारोह में नितिश को पुरस्कृत किया। साथ ही साथ विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मानक महोत्सव में अटल लैब एवं आर्यभट्ट गणित एवं विज्ञान क्लब के सहयोग से विज्ञान कार्निवल में विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन किया जिसमें स्मार्ट ट्रेन ऑक्यूपाइड ,स्केलेटन चेयर ,ब्रायन लिपि यह सभी मॉडल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। इन मॉडलों को मुख्यमंत्री साय एवं अन्य अतिथियों ने सराहा। यहां छात्राओं हिमेश ,सोमेश साहू ,रेमन देशमुख ,सुमित, रूपेश्वरी सर्व, रेणुका ,श्वेता साहू प्रीति साहू ,तरुण ,धनराज एवं उनमाया उनमय ने मॉडलों का प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्राचार्य सीमा जम्बुलकर, मानक क्लब मैटर स्वाति कोठारी एवं विभा दुबे तथा समस्त शिक्षकों ने प्रतिभागी बच्चों को बधाई दी है।

## शासन स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से अपने करियर को दिशा दे सकते हैं युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में 'करियर मार्गदर्शन और रोजगार कौशल' विषय पर एकदिवसीयपरस्पर संवादात्मक सत्र का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण कौशल विकास योजना, व्यक्तित्व विकास और भविष्य के व्यावसायिक मार्गदर्शन को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजन कुमार दुबे, अध्यक्ष शैलदेवी एजुकेशनल सोसायटी, भिलाई एवं प्रमुख वक्ता उत्तम ध्रुव, एसडीएम दुर्ग थे। तत्पश्चात वीके केडिया, उप निदेशक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार तथा उपसंचालन ने रोजगार के विभिन्न अवसरों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा युवाओं के लिए अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनका लाभ लेकर विद्यार्थी अपने करियर को नई दिशा दे सकते हैं इस प्रकार उन्होंने शिक्षा, समाज, राष्ट्र धर्म, लक्ष्य, धैर्य, अनुशासन, रोजगार, न्याय, उत्तरदायित्व आदि पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। अंत में देवेन्द्र चंद्राकर, अभियंता ग्रामीण अभियांत्रिकी विभाग एवं समन्वयक, कौशल प्रशिक्षण ने तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रोजगार सामाजिक जीवन का प्रमुख आधार है और समय पर रोजगार प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। इस प्रकार उन्होंने सरकारी योजनाओं एवं दूरस्थ शिक्षा पद्धति को समझाया। कार्यक्रम का संचालन श्याम सुंदर पटनायक सहा. प्राध्यापक शिक्षा विभाग एवं अदिति बंजारे सहा. प्राध्यापक रसायन ने किया। इस संवादात्मक सत्र में विद्यार्थियों ने अपने प्रश्न रखे जिनका विशेषज्ञों ने विस्तारपूर्वक समाधान किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ रश्मि पांडे, उपप्राचार्य आभार व्यक्त किया। इस सफल आयोजन में निशात खान

- करियर मार्गदर्शन और रोजगार कौशल विषय पर एकदिवसीय परस्पर संवादात्मक सत्र का आयोजन

## सांसद खेल महोत्सव खपरी सिलोदा में आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



सांसद खेल महोत्सव का आयोजन ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा में हुआ। जिसमें कबड्डी में पूर्व माध्यमिक शाला खपरी यमन यादव, शेष कुमार, डिलेश साहू, महेश साहू, जागेश साहू, प्रकाश साहू, मयंक निषाद, अनुराग मांडवी, जूनियर वर्ग 100 मीटर दौड़ में पेमेंद्र यादव प्रथम, शुभम यादव द्वितीय, सुरीली कुर्सी जानकी साहू प्रथम, काव्या साहू द्वितीय, फुगड़ी जूनियर वर्ग कुमारी काव्या साहू प्रथम, मधु साहू द्वितीय, पूर्व माध्यमिक शाला जूनियर वर्ग 100 मीटर दौड़ निखिल प्रथम, हिमांशु द्वितीय, सुरीली कुर्सी तामेश्वरी प्रथम, भूमिका द्वितीय, 100 मीटर दौड़ प्राथमिक शाला राधिका प्रथम, कामिनी द्वितीय, कबड्डी प्राथमिक शाला हिमांशु साहू, पुष्पेंद्र, नितेश, डागेश, तरुण दास, निखिल कुमार, कुणाल साहू, उपेन्द्र कबड्डी सीनियर वर्ग इंदल निषाद, केवल ठाकुर, अरुण कुमार साहू, अभिषेक यादव, संदीप कुमार यादव, आकाश कुमार निषाद, आयुष कुमार यादव, पवन कुमार निषाद, जीवन निषाद कुश्ती पुरुष वर्ग सत्येंद्र निषाद, अभिषेक निषाद महिला वर्ग कुमारी सुरभि इत्यादि खिलाड़ियों की भागीदारी रही। आयोजन में ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा की सरपंच अनूसूईया नारायण साहू एवं सभी पंचगण उपस्थित थे। संचालन सांसद प्रतिनिधि नारायण साहू ने किया।

## सियान जतन कार्यक्रम में लाभान्वित हुए 73 हितग्राही



**अंडा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में रजत जयंती के अवसर पर सियान जतन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 73 हितग्राही लाभान्वित हुए । शिविर में कुष्ठ रोग एवं फाइलेरिया मरीजों को घरेलू रुग्णता प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई एवं किट वितरण किया गया । शिविर में खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी जी आर भूआर्य, एस आर रंगारी, डॉ मनीष वासनिक फिजियोथेरेपिस्ट, जाकिर खान सब्जई एन एम ए, सेक्टर सुपरवाइजर तुलसी राम यादव, ललिता वर्मा, रत्ना कुहिकर, ड्यूटीरत सभी अधिकारी कर्मचारी एवं मितानिनो का पूर्ण सहयोग रहा।

## जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम रहे कोड़िया विद्यालय के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीपक नगर दुर्ग में संपन्न हुई। राष्ट्रीय जनसँख्या शिक्षा प्रयोजन के अन्तर्गत शालेय विद्यार्थियों में स्वास्थ्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं जीवन कौशल के विकास के लिए एससीईआरटी नई दिल्ली द्वारा सभी राज्यों में जनसंख्या शिक्षा के विशिष्ट क्षेत्रों की थीम पर आधारित नाटक लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत इस प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अपने नृत्य में विभिन्न खेलों को प्रदर्शित करते हुए कक्षा 9वीं की तीमा ठाकुर, तोशी साहू, आरुषि साहू, लेखनी निषाद, त्रिवेणी और लुकेश्वरी निषाद ने स्वस्थ जीवनशैली का संवर्धन विषय पर आधारित थीम को प्रदर्शित किया। इस शानदार प्रस्तुति की सभी ने प्रशंसा की विभिन्न नियमावली एवं कठिन प्रतियोगिता को पार करते हुए शाला के विद्यार्थियों ने जोन स्तर प्रतियोगिता में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त किया है। इसके लिए शाला प्राचार्य नीलमणि उजवने का मार्गदर्शन एवं विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। नृत्य का निर्देशन व्याख्याता डॉ सरोज साहू ने किया।

### बिजनेस साइट

## ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट




**दुर्ग।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में दीपावली के अवसर पर विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनों की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि धनतेरस से लेकर लक्ष्मी पूजा तक दिवाली में भीड़ होने की वजह से ग्राहकों को विस्तार से डिजाइन दिखाने में सुविधा होती है। अपने ग्राहकों को भीड़ भाड़ से बचने के लिए धनतेरस से पहले बुकिंग करें एवं धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर अपने मनपसंद जेवर घर ले जाएं। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है। सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध है एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। वहीं हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक, ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा है। आशा है बेहतरीन से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए आज ही ओम ज्वेलर्स जरूर पधारे।

## पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद विनोद को दी गई श्रद्धांजलि



**उतई।** दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचांदुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में 'पुलिस स्मृति दिवस' मनाया गया। ज्ञातव्य है कि प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ में माओवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए पुलिसकर्मियों की शहादत को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि देना एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों में उन शहीदों तथा देश के प्रति सम्मान और देश प्रेम की भावना जागृत करना है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता मेहुरिया के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में 12 जुलाई 2009 को जिला राजनांदगांव के मदनवाडा में कोरकोट्टी के पास नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए निरीक्षक विनोद कुमार ध्रुव की शहादत को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य उद्बोधन में डॉ. संगीता ने विद्यार्थियों से कहा अपने प्राणों का मोह किए बिना रात दिन एक कर देने वाले सैनिकों के प्रति हमें सम्मान भाव रखने की आवश्यकता है।

## जुआ के ठिकानों पर दबिश, 54 पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** दिवाली पर दुर्ग पुलिस अलर्ट मोड पर है। रविवार को पुलिस ने जुआ खेलने वालों पर ठिकानों पर छापा मारा। पुलिस ने 14 मामलों में 54 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 1.45 लाख कैश, 6 मोबाइल, 1 बुलेट और दो चारपहिया सहित 20.61 लाख का माल बरामद किया गया है। अमलेश्वर थाना पुलिस ने सूचना के आधार पर ग्राम करगा के फार्म हाउस में दबिश दी। मौके से 6 आरोपियों को ताश के साथ 1.11 लाख रुपए कैश, 6 मोबाइल, 1 बुलेट और 2 चारपहिया वाहन जब्त किया गया। जब्त सामानों की कीमत 19.15 लाख रुपए आंकी गई है। जिले के 6 थानों और 2 चौकियों की टीमों ने दबिश दिया। कार्रवाई अमलेश्वर, कुम्हारी, उतई, धमधा, नेवई, छावनी थाने और जेवरा-सिरसा व अंजोरा चौकी की पुलिस ने की।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### हिंदी में शतप्रतिशत करें काम, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक 17 अक्टूबर को कार्यपालक निदेशक एवं कार्यकारी अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई इस्पात संयंत्र पवन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कार्यपालक निदेशक,मुख्य महाप्रबंधक, सीजीएम संदीप माथुर, महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक राजीव कुमार, कार्यपालक निदेशक सौमिक डे तथा संयंत्र के सभी विभाग प्रमुख ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे। पवन कुमार ने कहा कि हिंदी में कामकाज करना आसान है, हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए राजभाषा विभाग निरंतर प्रयासरत है। सभी हिंदी में शत-प्रतिशत कार्य-व्यवहार करने का संकल्प करें। बैठक के आरंभ में अमूल्य प्रियदर्शी ने पुस्तक भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। राजीव कुमार ने कहा कि हमारा दायित्व है कि, हम स्वयं हिंदी में समस्त कार्यालयीन कार्य करें और साथ ही अपने सहकर्मियों को भी हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित करें। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

### बार एवं रॉड मिल की टीम ने एनसीक्यूसी में जीता गोल्ड

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एवं रॉड मिल की क्वालिटी सर्कल टीम सारथी की टीम ने तिरुपति में आयोजित नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स (एनसीक्यूसी 2025) में भाग लेकर गोल्ड अवार्ड प्राप्त किया। देशभर से भाग लेने वाली अनेक टीमों में सारथी टीम ने अपनी नवोन्मेषी सोच, सटीक विश्लेषण के बल पर यह गोल्ड अवार्ड जीता व साथ ही बेस्ट प्रेजेंटेशन एवं स्लोगन प्रतियोगिता में भी विजेता रही। विभागाध्यक्ष व मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर लगातार सफलता प्राप्त करना वास्तव में असाधारण उपलब्धि है। टीम का नेतृत्व उप प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी ने किया।

# कैप्टिव 5 जी नेटवर्क का सफल परीक्षण, उच्च गति ट्रांसमिशन में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र ने एक और उल्लेखनीय तकनीकी उपलब्धि हासिल करते हुए किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) के अंतर्गत पहली बार कैप्टिव 5 जी नेटवर्क का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण संयंत्र में औद्योगिक संचार, स्वचालन तथा उच्च गति डेटा ट्रांसमिशन की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह पहल बीएसपी के दूरसंचार विभाग द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के सहयोग से की गई।

इस पूरी प्रक्रिया के दौरान विभागाध्यक्ष (दूरसंचार) प्रकाश तथा महाप्रबंधक (दूरसंचार) एचआर सिरमौर ने मार्गदर्शन प्रदान किया और परियोजना की समीक्षा सीजीएम टीके कृष्ण कुमार द्वारा की गई। परियोजना की नींव 12 जुलाई 2024 को आईआईटी दिल्ली एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के दूरसंचार विभाग की टीमों के बीच हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान रखी गई थी, जिसमें संयंत्र में 5जी नेटवर्क तकनीक के कार्यान्वयन पर वविमर्श हुआ। अगस्त 2025 के दौरान प्रोफेसर केके सिरोही व एएस मंडल ने बीएसपी के एसएमएस-3 विभाग का दौरा कर वहाँ के बुनियादी ढाँचे, कार्य प्रणालियों एवं संचार व्यवस्था को जाना। इसमें यह पाया गया कि भारी धातु संरचनाओं एवं उच्च ध्वनि (शोर) स्तर के कारण मोबाइल एवं वॉकी-टॉकी दोनों के सिग्नल कमजोर पड़ रहे थे, जिससे प्रभावी संचार में कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही थीं और परिचालन प्रदर्शन प्रभावित हो रहा था। निर्णय बाद आईआईटी दिल्ली की तकनीकी टीम ने 14 से 16 अक्टूब तक भिलाई इस्पात संयंत्र में कैप्टिव 5जी प्रणाली की स्थापना एवं परीक्षण किया।

## पीएसयू में पहली बार हो रहा सफल प्रयोग



### बीएसपी में परिणाम संतोषजनक

टीम ने बीओएफ नियंत्रण कक्ष, एलएफ-2, सीके-2 तथा बिलेट यार्ड सहित प्रमुख परिचालन बिंदुओं पर कैप्टिव 5जी नेटवर्क को सफलतापूर्वक स्थापित किया। वरिष्ठ प्रबंधक एस भट्टाचार्य एवं सहायक प्रबंधक प्रजेश श्रीवास्तव के समन्वय में वॉयस एवं वीडियो कॉल सिग्नल परीक्षण किया गया। वरिष्ठ प्रबंधक पंकज राय द्वारा सीसीटीवी कैमरों एवं कंप्यूटरों के बीच वायरलेस कनेक्टिविटी स्थापित करने के लिए 5 जी नेटवर्क का प्रयोग किया गया। इसके परिणाम संतोषजनक रहे।

## सीटू ने सीजीएम व ईडी से की मांग, जल्द जारी करें डीम्ड एनडीसी

# अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल इनवेलिडेट कर्मी के आश्रित को भुगतान में दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में आश्रित के अनुकम्पा नियुक्ति के लिए मेडिकल इनवेलिडेट हुए कर्मी के ग्रैच्युटी, एसईएसबीएफ, छुट्टी के अंतिम भुगतान के लिए डीम्ड एनडीसी जारी नहीं करने के कर्मचारियों को भुगतान में परेशानी हो रही है। यूनियनों ने प्रबंधन पर डीम्ड एनडीसी जल्द जारी करने के लिए दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। इससे संबंधित कर्मी को राहत मिलेगी।

सीटू की टीम ने बीएसपी के औद्योगिक संबंध विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक प्रियंका मीणा से मुलाकात कर मुख्य महाप्रबंधक और कार्यपालक निदेशक के नाम पत्र में समस्या के निदान की मांग की। सीटू ने बताया कि मौजूदा समय में मेडिकल अनफिट हुए कर्मियों को आवास देने संबंधी वर्तमान ने नियम से कर्मियों को कई तरह की परेशानी रही है। नियम के अनुसार

संयंत्र में कार्यरत कर्मी बीमारी के कारण दो कैटेगरी में मेडिकल अनफिट किए जाते हैं जिनमें से पहले कैटेगरी में मेडिकल अनफिट होने से लेकर कर्मी के सेवानिवृत्त (सुपर एनुवेशन) तक ई एफ बी एस स्कीम के तहत बेसिक डी ए मिलता है।

कर्मी को उनके निवासरत आवास में ही निवास करने के लिए कोई राशि भी जमा नहीं करना होता है। लेकिन दूसरे कैटेगरी में मेडिकल अनफिट होने पर उनके आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है लेकिन मेडिकल इनवेलिडेट किए जाने से लेकर आश्रित के अनुकंपा नियुक्ति होने तक यदि मेडिकल अनफिट हुआ कर्मी उसी आवास में निवासरत है तो उस कर्मी का सीपीएफ को छोड़ कर अन्य भुगतान जैसे ग्रैच्युटी, एस ई एस बी एफ एवं छुट्टी का पैसा तब तक रोक दिया जाता है, जब तक उस कर्मी द्वारा उस आवास को जमा नहीं कर दिया जाता है। अथवा आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति मिलने के बाद उक्त आवास उस आश्रित के नाम पर आबंटित नहीं कर दिया जाता है।

## यूनियनों ने प्रबंधन पर दबाव बनाना किया शुरू



### परेशान हो जाता है बीमार कर्मचारी

आश्रित के अनुकम्पा नियुक्ति के लिए मेडिकल इनवेलिडेट हुए कर्मी और उनके परिजन एक तरफ बीमारी के इलाज में व्यस्त रहते हैं और दूसरी तरफ आवास नहीं छोड़ने से आवास सम्बंधित एन डी सी जारी नहीं होने के कारण सीपीएफ को छोड़ कर अन्य भुगतान रोके जाने से परेशान होते हैं। मेडिकल इनवेलिडेट घोषित किए जाने और अनुकंपा नियुक्ति होने के बीच कितना समय लग सकता है यह आश्रित के एजुकेशन, कारपोरेट से एप्रूवल और अन्य किसी तकनीकी कारणों पर निर्भर करता है।

### खत्म हो भेदभाव पूर्ण नियम

संयंत्र से सामान्य रूप से सेवानिवृत्त होने के पश्चात कर्मी द्वारा रिटेंशन में आवास के लिए आवेदन करने पर नियमानुसार रिटेंशन स्कीम के अंतर्गत आवास की कैटेगरी के अनुसार एक निर्धारित राशि जमा करवाकर आवास को रिटेंशन में देने का प्रावधान है। लेकिन मेडिकल इनवेलिडेट घोषित होने वाले कर्मियों का आवास रखने के एवज में ग्रैच्युटी, एस ई एस बी एफ, छुट्टी का अन्तिम भुगतान रोकना भेदभाव पूर्ण रवैया है क्योंकि आवास के बदले में रोका गया यह रकम बहुत बड़ा होता है।

### कर्मियों को मिले राहत

सीटू ने बीएसपी प्रबंधन से मांग की है कि आश्रित के अनुकम्पा नियुक्ति के लिए मेडिकल इनवेलिडेट किए जाने की स्थिति में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए कर्मी को वर्तमान आवास में ही रहने दिया जाए और जब तक आश्रित को नियुक्ति नहीं मिल जाती है तब तक नगर प्रशासन सेवाएं विभाग द्वारा डीम्ड एनडीसी जारी किया जाए। ताकि आश्रित के अनुकम्पा नियुक्ति के लिए मेडिकल इनवेलिडेट हुए कर्मी को सभी भुगतान मिल सके।

# कुगदा के विद्यालयों में बीएसपी ने डोम शेड का किया हस्तांतरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम पुरई एवं कुगदा स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में डोम शेड का निर्माण आर.ई.एस. (रूरल इंजीनियरिंग वर्कशॉप) के माध्यम से कराया गया। इन शेडों को को आयोजित समारोहों में विधिवत विद्यालय प्रबंधन को सुपुर्द किया गया।

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पुरई में आयोजित हस्तांतरण समारोह में विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी, पालक, ग्राम सरपंच एवं उप सरपंच की उपस्थिति में विद्यालय प्रबंधन को डोम शेड का हस्तांतरण सीएसआर विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बीएसपी-सीएसआर की ओर से महाप्रबंधक शिवराजन, उप प्रबंधक केके वर्मा एवं बुधेलाल उपस्थित थे। ग्राम कुगदा स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निर्मित डोम शेड का हस्तांतरण कार्यक्रम में बीएसपी की ओर से मुख्य महाप्रबंधक (टीए एवं सीएसआर) श्री उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री शिवराजन, उप महाप्रबंधक (टीएसडी) श्री आर.के. गर्ग, उप प्रबंधक (सीएसआर) श्री के.के. वर्मा तथा श्री बुधेलाल सहित विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं पालकों के साथ-साथ पार्षद व पालक शिक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

विद्यालयों के प्राचार्य एवं जनप्रतिनिधियों ने बीएसपी के सतत सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी सुविधाएँ ग्रामीण छात्रों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराती हैं।

इस पहल का उद्देश्य विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर अधोसंरचना प्रदान करना है, जिससे शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं अन्य आयोजनों को भी सुगमता से संचालित किया जा सके। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा किया जा रहा यह प्रयास ग्राम्य शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# संयंत्र स्तरीय वेल्डिंग प्रतियोगिता में दिखाया दमखम, मिला पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ वेल्डर्स (आईआईडब्ल्यू.), भिलाई शाखा के तत्वावधान में मार्स-3 विभाग में संविदा कर्मियों के मध्य संयंत्र स्तरीय वेल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 173 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के मुख्य आतिथ्य में किया गया। उन्होंने विजेता संविदा कर्मियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

दो श्रेणियों में आयोजित स्पर्धा मं जीएमएडब्ल्यू और एसएमएडब्ल्यू में में राजेश यादव व श्री अरुण कुमार चौधरी विजेता थे। विजेताओं ने आगामी 14-15 नवम्बर को कोच्ची में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय वेल्डिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अहर्ता प्राप्त की। राकेश कुमार ने विजेताओं को बधाई दी और मानव संसाधन में निवेश एवं कौशल विकास के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि "सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण वेल्डिंग उपकरणों की विश्वसनीयता उत्पादन क्षमता को और सुदृढ़ बनाती है। प्रत्येक संसाधन का उपयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाना चाहिए तथा सुरक्षा हेतु प्रत्येक पीपीई का शत-प्रतिशत पालन आवश्यक है। उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित वेल्डिंग कार्यों का अवलोकन कर प्रसन्नता व्यक्त की और श्रमिकों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की रूपरेखा सीजीएम एवं अध्यक्ष, आईआईडब्ल्यू भिला प्रमोद कुमार द्वारा प्रस्तुत की गई। मुख्य महाप्रबंधक एसके घोषाल, हरीश सचदेव, जीएम एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन-बीएसपी के अध्यक्ष एनके बन्छोर सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी, संविदाकर्मी तथा आईआईडब्ल्यू, भिलाई शाखा के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक वीरेंद्र ओगले द्वारा तथा महाप्रबंधक व मानद सचिव, राजेश अग्रवाल ने किया।

# गोवर्धन पूजा के अवसर पर सांसद ने की गौ माता की पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गोवर्धन पूजा पर सांसद विजय बघेल ने सेक्टर-5 स्थित निवास में पारंपरिक रूप से गोवर्धन पूजा का आयोजन किया। इस अवसर पर उनकी पत्नी रजनी बघेल भी मौजूद थीं। गौ माता को खिचड़ी का भोग अर्पित किया गया। भगवानी यादव द्वारा दोहे प्रस्तुत किए गए। सांसद ने कहा कि गोवर्धन पूजा की परंपरा द्वापर युग से चली आ रही है। यह पर्व हमें हमारी संस्कृति और गौ माता के महत्व की याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि जब प्रभु श्रीराम 14 वर्षों का वनवास पूर्ण कर अयोध्या लौटे थे। तब दीप जलाकर दीपावली मनाई गई थी।

दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा होती है, जिसमें गौ माता को खिचड़ी एवं अमृत रूपी दूध अर्पित किया जाता है। इसके बाद भाई दूज का पर्व आता है, जो भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है।

# ऊंचाई पर कार्य के दौरान बरतें सजगता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने अयस्क हैंडलिंग संयंत्र-ए (ओएचपी-ए) का निरीक्षण दौरा किया। उन्होंने संयंत्र परिसर में सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के लिए टीम ओएचपी के साथ व्यापक सुरक्षा भ्रमण किया। वैगन टिपलर-4 और टिपलर-5 इकाइयों का स्थलीय निरीक्षण किया तथा वहाँ उपस्थित कर्मचारियों से परिचालन सुरक्षा उपायों की जानकारी ली।

राकेश कुमार ने कार्य प्रारंभ करने से पूर्व प्रत्येक कार्यस्थल के 360-डिग्री सुरक्षा मूल्यांकन के महत्व पर बल दिया।

विशेष रूप से ऊँचाई पर कार्य करने के दौरान सावधानियों, कार्यस्थल की नियमित सफाई तथा प्रभावी हाउसकीपिंग को सुरक्षा संस्कृति की आधारशिला बताया।उन्होंने टिपलर इकाइयों में स्थापित सुरक्षा प्रणालियों का अवलोकन किया और सभी कर्मचारियों को मूलभूत सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) के अनिवार्य उपयोग पर जोर दिया।

■ ईडी राकेश कुमार ने ओएचपी का किया सुरक्षा निरीक्षण

**सुरक्षा जानकारी को करें साझा**

उन्होंने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की सुरक्षा संबंधी समस्या या चिंता को तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साझा किया जाए । ताकि उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण संयंत्र संचालन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## कला मंदिर में आयोजित कार्यक्रम बच्चों को मिली छात्रवृत्ति

# स्टूडेंट्स को मिली छात्रवृत्ति, करियर को मिलेगी उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ट्रॉफी सर्वोत्तम छात्रवृत्ति एवं प्रतिभा पुरस्कार हासिल कर विद्यार्थी खासे खुश हैं। छात्र छात्राओं ने इसे बीएसपी की अच्छी पहल बताया है। इस वर्ष 19 लाख से अधिक राशि स्कांलरशिप वितरित की गई है। ।

कला मंदिर में आयोजित कार्यक्रम बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की गई तथा विभिन्न स्कूल बोर्ड परीक्षाओं के टॉपर विद्यार्थियों, जिनमें टीक्यूटी के विद्यार्थी भी शामिल थे,सभी को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती थे और सभी ईडी विशेष अतिथि थे। सर्वोत्तम छात्रवृत्ति उन 75 विद्यार्थियों को दी जा रही है जिन्होंने आईआईएम, एम्स, आईआईटी, एनआईटी, नेशनल लॉ कॉलेज, सीए, सीएमए, आईआईएसईआर, एनआईएफटी जैसे संस्थानों में प्रवेश किया है। चयनित छात्रों को उनके पाठ्यक्रम की अवधि के लिए 25 हजार की छात्रवृत्ति दी जाएगी।

### 75 विद्यार्थियों को 19 लाख स्कालरशिप

चयनित 75 छात्रों को रू.19.34 लाख की राशि छात्रवृत्तियों के रूप में प्रदान की गई। इनमें से 14 छात्र-छात्राएँ अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से हैं। इसके अतिरिक्त, कक्षा 8वीं, 10वीं और 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों को मेरिट पुरस्कार भी प्रदान किए गए, जिनमें सीबीएसई, सीजी बोर्ड एवं अन्य मान्यता प्राप्त बोर्डों के टॉपर शामिल थे। इस श्रेणी में कुल 35 विद्यार्थियों को रू.3.14 लाख की राशि छात्रवृत्तियों के रूप में वितरित की गई।

# केंद्रीय यांत्रिक संगठन ने किया श्रमदान



भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के केंद्रीय यांत्रिक संगठन द्वारा स्वच्छता ही सेवा-पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। ज़ोन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विभागों सीएचएम, सीआरएम, आरवीसी, सीईडी, प्लांट गैरेज तथा मैकेनिकल सर्विसेस में विभाग प्रमुखों और कर्मचारियों ने अपने कार्यक्षेत्रों में सफाई एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियाँ कीं। सभी विभागों के कर्मियों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने कार्यस्थल की स्वच्छता को बनाए रखने में निरंतर योगदान देंगे।

